# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 08.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- मध्योत्तर अण्डमान ज़िला पुलिस द्वारा बच्चों के बीच यातायात शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवनिर्मित बाल यातायात पार्क की शुरूआत की गई है।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए **ज़ीरो वेस्ट इवेंट** पहल की शुरूआत की गई है।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में दस से चौदह सितंबर के दौरान द्वीपों में जैव विविधता पर प्रदर्शनी आयोजित करेगा।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान ज़िला पुलिस द्वारा बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा और यातायात शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिगलीपुर में नवनिर्मित बाल यातायात पार्क की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को इंटरैक्टिव और मजेदार गतिविधियों के माध्यम से यातायात से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। इस पहल के तहत, विभिन्न स्कूलों के छात्र व्यावहारिक तरीके से सड़क सुरक्षा की गहरी समझ हासिल करने के लिए पार्क का दौरा करेंगे। पार्क वास्तविक जीवन की यातायात स्थितियों की नकल करता है, जिससे बच्चे नकली ड्राइविंग या साइकिल चलाने के अभ्यास के माध्यम से यातायात नियमों को सीख सकते हैं। इसका लक्ष्य एक सुरक्षित, आकर्षक वातावरण बनाना है, जहाँ छात्र मौज–मस्ती करते हुए

महत्वपूर्ण सुरक्षा सबक सीख सकें। कार्यक्रम के आकर्षण में पार्क में "ट्रैफिक बडी" भी शामिल है, जो छोटा भीम जैसा चेहरा वाला एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी है। यह चरित्र बच्चों के लिए यातायात शिक्षा को अधिक प्रासंगिक और रोमांचक बनाता है, उनके सीखने के अनुभव को बढ़ाता है और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में एक स्थायी छाप छोड़ता है। इस पहल के पहले चरण के रूप में, पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुभाष ग्राम के तीस उत्साही छात्रों ने पार्क का दौरा किया। सत्र का उद्घाटन उप–विभागीय पुलिस अधिकारी अंकेश यादव, दानिप्स ने किया। यह पूरा अभियान पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के तहत वर्ष भर चलने वाले पूजा उत्सवों के लिए **ज़ीरो वेस्ट इवेंट** पहल की शुरूआत की गई है। परिषद की ओर से शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में यह एक कदम है। पूजा समितियों के मूल्यांकन और प्रोत्साहन के लिए एक आंकलन योजना विकसित की गई है, जिसके अनुसार पूजा पंडालों में नीले और हरे रंग के कूड़ेदान की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना, भोजन वितरण के लिए प्लास्टिक और बटर पेपर का इस्तेमाल न करना, प्लास्टिक और कागज के गिलास की बजाय स्टील के गिलास का उपयोग करना, प्लास्टिक प्लेटों की जगह स्टील और केले के पत्तों से बनी प्लेटों का इस्तेमाल करने को कहा गया है। पंडालों में सजावट सामग्री को अलग से एकत्र करके पुनर्चक्रन के लिए संबंधित वार्ड के स्वच्छता निरीक्षक को सौंपना होगा। समारोह के दौरान खाद्य

पदार्थों की बर्बादी को कम करने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। नगरपालिका परिषद के निरीक्षण दल द्वारा इन मानदंडों के आधार पर पूजा पंडालों का मूल्यांकन करने के लिए औचक निरीक्षण किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ दस पूजा पंडालों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ दस हजार रूपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस संबंध में भागीदारी और मूल्यांकन के लिए एस ओ पी परिषद की पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में दस से चौदह सितंबर के दौरान द्वीपों में जैव विविधता पर प्रदर्शनी आयोजित करेगा। विश्व ओजोन दिवस को ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में भी जाना जाता है, यह सोलह सितंबर को मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। विश्व ओज़ोन दिवस दो हजार चौबीस का विषय है, "जीवन के लिए ओजोन"। इस संबंध में जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, संरक्षित जीवों के नमूनों, पोस्टर, पैम्फलेट और वीडियो के माध्यम से विश्व ओजोन दिवस दो हजार चौबीस के उत्सव के हिस्से के रूप में जैव विविधता पर एक प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है। इस अवसर पर, ई.आई.ए.सी.पी. केंद्र की ओर से छात्रों, शिक्षकों और आम जनता के लिए अद्वितीय पशु विविधता को देखने के लिए प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इच्छुक स्कूल, कॉलेजों के छात्रों को प्रदर्शनी की अवधि के दौरान संग्रहालय देखने की व्यवस्था की जाएगी। प्रवेश निःशुल्क रहेगा और सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक प्रदर्शनी देखी जा सकती है।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के एसी कैडर कर्मचारियों की एक बैठक अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ के कार्यालय में बुलाई गई। राज्य अध्यक्ष एम. वीरन्ना, के नेतृत्व में बैठक में एसी कैडर कर्मचारियों के सामने आने वाली समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा प्रशासन के साथ–साथ भारत सरकार के समक्ष उठाए जाने वाले मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में अंडमान निकोबार एसी कैडर कर्मचारी संघ के नाम से एक नया संघ बनाया गया, जिसमें आर. राजेश को अध्यक्ष, थिरुवासगम को सचिव और जयपाल को वित्त सचिव बनाया गया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारी सदस्यों के नाम घोषित किए गए। संघ, सत्रह सितंबर से एक महीने तक अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत करेगा। संघ के महासचिव एस. बीजू पिल्लई ने गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया तथा सभी को आगामी जीवन में आने वाली बाधाओं से मुक्ति की कामना की।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में पांच वर्षीय समन्वित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दूसरे चरण का परामर्श दस सितम्बर को लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह दस बजे कॉलेज सभागार में परामर्श के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है। सामान्य वर्ग सहित सभी श्रेणियों के इच्छुक विद्यार्थी इस परामर्श सत्र में भाग ले सकते हैं। परामर्श में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को इसके बाद वाले परामर्श में शामिल नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक छह दशमलव आठ मिलीमीटर, मायाबंदर में आठ दशमलव छह, लांग आइलैंड में तीन दशमलव छह, ननकौड़ी में दो दशमलव तीन, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दो दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। ग्यारह सितंबर, तक अंडमान और निकोबार तट पर पैंतीस से पैंतालिस किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है, जो बढ़कर पचपन किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। समुद्र की स्थिति खराब से बहुत खराब होने की संभावना है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे ग्यारह सितंबर, तक समुद्र में न जाएं। लिटिल अंडमान और अंडमान द्वीप समूह के तट के लिए तीन दशमलव चार से लेकर तीन दशमलव छह मीटर तक की ऊंची लहरों के उठने का पूर्वानुमान लगाया गया है। छोटे जहाजों को तट के पास न चलने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की हेल्पलाइन नंबर एक शून्य सात शून्य और जिला आपातकालीन संचालन केंद्र की हेल्पलाइन नंबर एक शून्य सात सात पर संपर्क करें। समुद्र में किसी भी आपातकालीन सहायता के लिए, तटरक्षक एसएआर एजेंसी को टोल फ्री नंबर एक पांच पांच चार पर कॉल किया जा सकता है।

<><><><><><><><><><>

अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा नकली शेयर बाज़ार निवेश वेबसाइट या ऐप्स से सावधान रहने की सलाह दी गई है। फेस बुक, इंस्ट्राग्राम और गुगल जैसे प्लेट फार्मों पर प्रसिद्ध व्यक्यिों के नकली विज्ञापन बनाकर प्रसारित किए जा रहे है। इन विज्ञापनों द्वारा साइबर अपराधी खुद को शेयर बाज़ार निवेशक के रूप में प्रस्तुत करता है। साइबर अपराधी ट्रैडिंग में रूचि रखने वाले संभावित लोगों को नकली

ट्रेडिंग एप्लीकेशन के लिंक साझा करते है। अण्डमान निकोबार पुलिस द्वारा इस तरह की ट्रेडिंग एप्लीकेशन के विज्ञापनों से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अज्ञात संस्थाओं के साथ संवेदनशील वित्तीय जानकारी जैसे– बैंक विवरण साझा करने से बेचे। ऐसे निवेश से बचे जिस पर काफी कम समय में अवास्तविक रूप से उच्च रिटर्न का वादा किया गया हो। अधिक जानकारी के लिए साइबर अपराध शाखा हेल्पलाइन नम्बर या साइबर क्राइम डॉट जी. ओ. वी. डॉट इन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>